# बजरंगी सोटा धारी | By Muskan Shrivastava

बजरंगी सोटा धारी मेरा बालाजी बलकारी
हे बाबा सोटे वाला, हे बाबा सोटे वाला
तू है मेहंदीपुर का राजा आजा दर्शन तू दिखलाजा

ये पवन पुत्र हनुमान मेरा बाबा सोटे वाला
अंजनी माँ की संतान मेरा बाबा घाटे वाला
सब वीरो में बलवान मेरा मेहंदीपुर वाला
तू महेंदीपुर का राजा आजा दर्शन तू दिखला जा

राम का पुजारी मेरा बजरंगी मतवाला
जन जन का हितकारी मेरा माँ अंजनी का लाला
सब असुरो पे है भारी मेरा महा सोटेवाला
तू महेंदीपुर का राजा आजा दर्शन तू दिखला जा

सीता की खोज लगाने वाला सबका है दुलारा
संजीवन बूटी लाने वाला बजरंगी सोटे वाला
श्री राम को रिझाने वाला हनुमान उड़ने वाला
तू महेंदीपुर का राजा आजा दर्शन तू दिखला जा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%8b%e0%a4%9f%e0%a4%be-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-muskan-shrivastava/